प्रादेशिक समाचार

दिनांक–31.08.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. **पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के बाद लोबिन हेंब्रम भी भाजपा में शामिल, कहा– झामुमो अब गुरुजी की पार्टी नहीं।**
2. **झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि चंपाई सोरेन को संगठन में सौंपा जायेगा महत्वपूर्ण दायित्व, कोर कमिटी में भी होंगे शामिल।**
3. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन में कहा– महिलाओं के खिलाफ अत्याचार के मामलों में सख्त कानून और त्वरित फैसले की जरूरत।**
4. **रांची,पलामू, लोहरदगा समेत 18 जिलों में बारिश का पूर्वानुमान,मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट।**

****

जेएमएम से 6 साल के लिए निष्कासित किए जाने के कुछ महीनों बाद भाजपा में शामिल होने पर लोबिन हेम्ब्रम ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा में कुछ लोगों की वजह से हर कोई परेशान है, झारखंड मुक्ति मोर्चा अब झारखंड मुक्ति मोर्चा नहीं रही। साथ ही कहा कि हम एक साथ बैठकर रणनीति तय करेंगे कि आदिवासियों और मूलवासियों को घुसपैठियों से कैसे बचाया जाए।

****

झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि पार्टी में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को संगठन में महत्पूर्ण दायित्व सौंपा जायेगा। रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि श्री सोरेन को भाजपा कोर कमिटी में भी शामिल किया जायेगा। केन्द्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि चंपाई सोरेन के सहयोग से भाजपा राज्य की भ्रष्ट हेमंत सरकार को सत्ता से बेदखल करने में कामयाब होगी।

****

असम के मुख्यमंत्री और झारखंड चुनाव के लिए बीजेपी के सह–प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि यदि जेएमएम घुसपैठियों के खिलाफ आवाज उठाते हैं तो हमें एक साथ काम करने में कोई दिक्कत नहीं है। लेकिन जेएमएम पहले यह बताए कि वह तुष्टीकरण की राजनीति नहीं करते हैं।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि महिलाओं पर अत्याचार और बच्चो् की सुरक्षा समाज के लिए गंभीर चिंता के विषय हैं। उन्होंने कहा कि देश में महिलाओं की सुरक्षा के लिए कानून बनाए गए हैं लेकिन इसे और अधिक सक्रिय बनाने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ने आज नई दिल्लीं के भारत मंडपम में जिला न्यायपालिका के दो दिन के राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद यह बात कही। उन्होंने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अत्याचार से संबंधित मामलों में जितने जल्दी से निर्णय लिए जाएंगे उतने ही जल्दीट महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो पाएगी।

श्री मोदी ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय की स्था पना के 75 वर्ष पूरे होने से लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत का सम्मांन बढ़ा है। उन्होंने कहा कि यह भारतीय लोकतंत्र के अधिक परिपक्व् होने की भी यात्रा है।

****

मौसम विभाग ने राज्य के 18 जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। जिन जिलों में बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है उनमें रांची के अलावा पलामू, गढ़वा, लातेहार, लोहरदगा

और चतरा भी शामिल हैं। मौसम विभाग ने कल तक मानसून के सक्रिय रहने की संभावना जतायी है।

****

राज्य में उत्पाद सिपाही भर्ती दौड़ में अभ्यर्थियों के बेहोश होने की शिकायतें लगातार आ रही हैं। पिछले चौबीस घंटे में इलाज के दौरान चार अभ्यर्थियों की मौत भी हुई है। इनमें पलामू के तीन और गिरिडीह का एक अभ्यर्थी शामिल है। हमारे पलामू संवाददाता ने बताया कि जिले में 27 अगस्त से चल रही दौड़ में अब तक छह दर्जन से अधिक अभ्यर्थी बेहोश हुए हैं।

इधर अभ्यर्थियों के लगातार बेहोश होने की घटना से चिकित्सक भी हैरान हैं। मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के प्रभारी अधीक्षक डॉ. आरके रंजन ने कहा कि बेहोश होने वाले अभ्यर्थियों के व्यवहार से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि इन्होंने किसी शक्तिवर्द्धक दवा का सेवन किया है।